
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 आर्थिक आत्मनिर्भरता : सार्वजनिक जीवन की स्वतंत्रता की पहली शर्त



6 ब्रिक्स @ 20 अब समझदार हो गया है


7 रंग हमारे मन और व्यवहार को करते हैं प्रभावित


8 भारत ने कोरिया को रौंदकर फाइनल में बनाई जगह

# सीमा पर शांति बिना रिश्ते बेमानी

## ब्रिक्स में चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को पीएम मोदी की दो टूक

नवभारत न्यूज

**नई दिल्ली, 12 सितंबर. गलवान झड़प के बाद बीते सात वर्षों से चले आ रहे भारत-चीन के बीच भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सबसे हाईप्रोफाइल वार्ता शनिवार शाम चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई.**

इस द्विपक्षीय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि सीमा तनाव के रहते दोनों देशों के बीच सारे रिश्ते बेमानी होते हैं. वार्ता में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त बहाली और सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव घटाने की दिशा में हुई हालिया सैन्य-राजनयिक प्रगति की सराहना की गई.

दोनों नेताओं ने सीमा पर स्थायी शांति बनाए रखने के लिए सैन्य कमांडरों के बीच संवाद की निरंतरता को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की रणनीतिक गलतफहमी से पूरी तरह बचा जा सके. तनावमुक्ति के इस माहौल का सीधा असर दोनों देशों के आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के पुनर्संतुलन पर भी दिखाई दिया, जहां पिछले कुछ समय से निलंबित पड़ी सीधी वाणिज्यिक उड़ानों को फिर से शुरू करने पर सहमति बन गई.

### दोनों देशों के बीच प्रभावी द्विपक्षीय संबंध फिर होंगे स्थापित

शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता से एशिया ही नहीं बल्कि दुनिया भर के कूटनीतिक हलकों ने बड़ी राहत की सांस ली है. राष्ट्रपति शी की इस यात्रा के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त बहाली और सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव घटाने की दिशा में हुई हालिया सैन्य व राजनयिक प्रगति की दोनों शीर्ष नेताओं ने खुलकर सराहना की. विश्वास बहाली के इस ऐतिहासिक मोड़ पर दोनों राष्ट्रों ने सीमा पर स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए सैन्य कमांडरों के स्तर पर संवाद की निरंतरता को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि किसी भी प्रकार की रणनीतिक गलतफहमी को टाला जा सके. इस भू-राजनीतिक तनावमुक्ति का सीधा और सकारात्मक



असर आर्थिक मोर्चे पर भी दिखा, जिसके तहत दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों से निलंबित पड़ी सीधी वाणिज्यिक उड़ानों को फिर से बहाल करने पर अंतिम मुहर लगा दी गई. यह कदम न केवल नागरिकों के बीच संपर्क बढ़ाएगा बल्कि द्विपक्षीय व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए कार्यसमूह स्तर की एक नई रूपरेखा भी तैयार करेगा.

### अब ग्लोबल साउथ की एकजुटता जरूरी : जिनपिंग

वहीं लंबे समय के बाद भारत की धरती पर कदम रखने वाले चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ की एकजुटता पर जोर दिया और उभरते देशों के सामूहिक विकास को आवश्यक बताया. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भी बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का पुरजोर समर्थन किया और पश्चिमी देशों के एकतरफा प्रतिबंधों को वैश्विक व्यापार में सबसे बड़ी बाधा करार दिया.

### आज का युग युद्ध का नहीं : मोदी

इस द्विपक्षीय संवाद ने साबित कर दिया है कि सीमाई मतभेदों के बावजूद एशिया की ये दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बहुध्रुवीय व्यवस्था के निर्माण में एक-दूसरे की अपरिहार्य साझेदार हैं. शीर्ष नेताओं के बयानों और उनके कूटनीतिक रुख ने भी इस बैठक को विशेष चर्चा में ला दिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से यह स्पष्ट संदेश दिया कि आज का युग युद्ध का नहीं है और किसी भी संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं, बल्कि केवल आपसी संवाद से ही संभव है. उन्होंने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनी पुरानी नीति को दोहराते हुए कहा कि आतंकवाद को प्रायोजित और पोषित करने वाली ताकतों की बिना किसी दोहरे मापदंड के अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही तय होनी चाहिए.

### अगले वर्ष चीन करेगा अध्यक्षता

वर्ष 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता चीन के हाथों में सौंपने का निर्णय भी हुआ है. ऐसे में नई दिल्ली में बनी यह सहमति यह सुनिश्चित करेगी कि बीजिंग आगामी वर्षों में इस संगठन को किसी पश्चिम-विरोधी आक्रामक गुट में बदलने के बजाय, भारत द्वारा स्थापित किए गए समावेशी और न्यायसंगत आर्थिक मंच के एजेंडे को ही आगे बढ़ाए.

# रेवन्ना के मोबाइल फोन में मिले पोर्न वीडियो



▸ जेल से जब्ती के बाद फोरेंसिक जांच में खुलासा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**बेंगलुरु, 12 सितंबर. बलात्कार के मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के जेल में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के मामले में फोरेंसिक जांच से नया खुलासा हुआ है.**

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, रेवन्ना से जब्त किए गए मोबाइल फोन में दर्जनों अश्लील वीडियो मिले हैं. वहीं, पेन ड्राइव में एक वेब सीरीज भी मिली है. क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने 11 अगस्त को बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा केंद्रीय जेल में अचानक छापेमारी की थी. इस दौरान रेवन्ना को उनकी उच्च सुरक्षा वाली बैरक में मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया.

# पीए की गिरफ्तारी के बाद रावत ने छोड़े पार्टी पद

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**देहरादून, 12 सितंबर. उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा देकर सियासी हलचल बढ़ा दी है. रावत ने एक लंबी पोस्ट लिखकर अपने फैसले की वजह बताई.**

उन्होंने कहा कि उनके सहयोगी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी, लेकिन वह नहीं चाहते कि उनकी वजह से कांग्रेस के भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष पर कोई सवाल उठे. हाल ही में ईडी ने हरीश रावत के पूर्व सहयोगी चंदन सिंह जीना के ठिकानों पर छापेमारी की थी.



▸ इस्तीफों से कांग्रेस में मची हलचल

### ▸ एक नजर में ◂

#### सोनितपुर में कार-ट्रक की टक्कर, पांच लोगों की मौत

**तेजपुर.** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. हादसा रंगापारा थाना क्षेत्र के बालीपारा इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास हुआ. यहां एक कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

#### सीबीएसई ने स्कूलों को दी सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं. बोर्ड ने देश-विदेश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन तथा 10वीं और 12वीं के लिए लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स जमा करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं.

#### सुपरिंटेंडेंट-कंसल्टेंट ने 1 करोड़ की रिश्वत मांगी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक करोड़ रुपए की रिश्वत मामले में सीजीएसटी विभाग के सुपरिंटेंडेंट और कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान सुपरिंटेंडेंट पंकज कुमार और कंसल्टेंट प्रसाद कुमार स्वामी के रूप में हुई है. सुपरिंटेंडेंट पंकज कुमार ने शिकायतकर्ता को 10 लाख रुपए की रिश्वत सीजीएसटी कंसल्टेंट प्रसाद कुमार स्वामी को देने को कहा था.

# आज बहनों के खाते में आएंगे 1835 करोड़

▸ सीएम आगर मालवा से करेंगे राशि अंतरित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 12 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 13 सितंबर को आगर मालवा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की सितंबर माह की 40वीं किस्त का अंतरण करेंगे. इस अवसर पर प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख 10 हजार 150 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 09 लाख 22 हजार 450 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता सीधे अंतरित की जाएगी.**



सितंबर की किस्त के साथ ही योजना के प्रारंभ से अब तक महिलाओं को नियमित मासिक सहायता के रूप में अंतरित राशि 65,395.99 करोड़ रुपये हो जाएगी.

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 में हुई थी. उस समय पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी. अक्टूबर 2023 से इसमें 250 रुपये की वृद्धि कर सहायता राशि 1,250 रुपये प्रतिमाह की गई. नवंबर 2025 से एक बार फिर 250 रुपये की वृद्धि के बाद पात्र महिला हितग्राहियों को वर्तमान में 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है.

योजना में ऐसी पात्र लाभार्थी महिलाओं को भी प्रावधान के अनुसार लाभ दिया जा रहा है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से प्रतिमाह 900 रुपये प्राप्त हो रहे हैं. इस व्यवस्था के तहत उन्हें अंतर की राशि उपलब्ध कराई जा रही है. जून 2023 से अगस्त 2026 तक लाड़ली बहना योजना के तहत 39 नियमित मासिक किस्तों का भुगतान किया जा चुका है.

### 2026-27 के लिए 23,882.81 करोड़ का बजट

वित्तीय वर्ष 2026-27 में सितंबर 2026 तक योजना के तहत 11,300 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है. वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना के तहत 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके अलावा आगर मालवा में 225 करोड़ रुपये से अधिक के कुल 33 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 28 करोड़ से अधिक के 17 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे.

# चिन्ह में फंसे टीएमसी के बागी

## उपचुनाव से पहले ईसी ने मांगे दस्तावेज

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**कोलकाता, 12 सितबंर. पश्चिम बंगाल में टीएमसी के चुनाव चिन्ह को लेकर विवाद जारी है. ऋतब्रत बनर्जी गुट ने चुनाव आयोग के सामने मौखिक दलीलें दीं और सवालों के जवाब दिए.**

आयोग ने गुट से दिन खत्म होने से पहले अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने को कहा. चुनाव आयोग की यह सुनवाई इसलिए अहम है क्योंकि यह 6 अक्टूबर को नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले हो रही है, और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है. बागी गुट उससे पहले सिंबल पर फैसला चाहता है.

उधर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के प्रतिनिधि भी शनिवार को चुनाव आयोग से मिल रहे हैं. उनके पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में डेरेक ओब्रायन, कल्याण बनर्जी, सागरिका घोष, साकेत गोखले और वकील अभिनव सिंह शामिल हैं. यदि 16 सितंबर तक चुनाव आयोग किसी एक गुट को मान्यता नहीं देता है, तो उम्मीदवार निर्दलीय हो जाएंगे.

# जम्मू-कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर ढेर

**नई दिल्ली, 12 सितंबर. जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को आतंक के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है. यहां के डोडा जिले के भद्रवाह इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मारा है.**

सुरक्षा बलों ने आतंकी का शव बरामद कर लिया है. दरअसल इस आतंकी को सुरक्षा बलों ने पहले ही एक संयुक्त अभियान के दौरान मार गिराया था. एसओजी डोडा, राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है.

### एनआईए की कार्रवाई, 10 ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर.** सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी साजिश की जांच के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में बड़ी कार्रवाई की. एजेंसी ने पांच जिलों में एक साथ 10 ठिकानों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई कुपवाड़ा, कुलगाम, बांदीपोरा, बारामूला और सोपोर में की गई. छापेमारी के दौरान मामले से जुड़े कई दस्तावेज और अन्य सामग्री जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है.

# हत्या के आरोप में पति-ससुर जेल गए, 12 साल बाद जिंदा मिली महिला

नवभारत न्यूज नेटवर्क


**नई दिल्ली, 12 सितंबर. बिहार के रोहतास जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने 12 साल पुराने हत्या के केस की पूरी कहानी को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है.**

जिस महिला की हत्या के मामले में उसके पति, ससुर और जेठ समेत परिवार के आठ लोगों को आरोपी बनाया गया था, वह महिला कथित तौर पर 12 साल बाद झारखंड में जिंदा मिली है. पुलिस ने महिला को गढ़वा जिले से बरामद कर बिहार लाया और सासाराम कोर्ट में पेश किया. मामला डेहरी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है. अगस्त 2014 में बालरति बिगहा-दहाउर इलाके की रहने वाली सरस्वती देवी अचानक घर से लापता हो गई थी. परिवार उसकी तलाश कर रहा था. इसी बीच 22 अगस्त 2014 को खंडा गांव के पास नहर से एक महिला का शव बरामद हुआ. सरस्वती देवी के भाई ने शव की पहचान अपनी बहन के रूप में की.



▸ झारखंड का मामला


# आदरांजलि



स्व. रामगोपालजी माहेश्वरी

महाप्रयाण

13 सितंबर 1999

एषा ब्राह्मी स्थिति पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति।
स्थित्वास्यामन्त कालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति।।

ब्राह्मी स्थिति में रहने वाला महात्मा पुरुष इस अवस्था को प्राप्त करके मोहग्रस्त नहीं होता है तथा अन्त समय में भी इस ब्रह्म निष्ठा में स्थित होकर ब्रह्मानंद गति को प्राप्त करता है.

नवभारत Central Chronicle परिवार


**पुण्यतिथि** ▸ बाबूजी स्व. रामगोपालजी माहेश्वरी की स्मृति में होगा परंपरागत वैचारिक आयोजन

# 'नवभारत' का 27वां विचार मंथन आज ब्यावरा में



'गण का तंत्र में भरोसा ही गणतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है' विषय पर होगा व्याख्यान | वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह सहित विद्वान वक्ताओं का हो रहा ब्यावरा नगर आगमन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 12 सितम्बर, का. 'नवभारत' का प्रतिवर्ष होने वाला वैचारिक आयोजन पितृपुरूष स्व. श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी की पुण्यतिथि परंपरागत रूप से वैचारिक आयोजन के साथ मनाई जायेगी. आज रविवार 13 सितंबर को मप्र के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में होने वाला 'विचार मंथन' का यह 27 वां वर्ष होगा.**

इस वर्ष भी हमेशा की तरह समसामयिक विषय पर विशिष्ट वक्तागण अपने विचारों से सभी श्रोताओं को भावविभोर किये हुए है. देश के लब्ध प्रतिष्ठित वक्तागणों का एक बार फिर ब्यावरा आगमन हो रहा है.

'विचार मंथन' का विषय - 'गण का तंत्र में भरोसा ही गणतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है' रखा गया है. इस विषय पर अपने प्रभावी विचार रखने के लिये देश के प्रतिष्ठित पत्रकार श्री एन.के.सिंह, नई दिल्ली, श्री राधेश्याम जुलानिया सेवानिवृत्त आईएएस, भोपाल, श्री अशोक चतुर्वेदी संसदीय विशेषज्ञ, लेखक भोपाल, शिफाली वरिष्ठ टीवी पत्रकार, भोपाल का आगमन हो रहा है.

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में क्षेत्र के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. इनमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वय सर्व श्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, विधायकगण मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर शामिल होंगे. इसी मंच पर रात्रि 8 बजे काव्य निशा का आयोजन होगा.